दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 30/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में लेंगी भाग। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूरी।

02. एक अप्रैल से जनगणना के पहले चरण की होगी शुरूआत। पहले चरण में मकानों की सूची बनाने और स्व–गणना का कार्य होगा शुरू।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान परिषद और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने विधानसभा की सदस्यता से दिया इस्तीफा।

04. और, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा – मार्च महीने में आंधी–तूफान और ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति की जाएगी।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल नालंदा विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। यह राष्ट्रपति मुर्मु का राजगीर तथा नालंदा विश्वविद्यालय का प्रथम दौरा है। राष्ट्रपति विश्वविद्यालय के सफल छात्रों के बीच उपाधि प्रदान करेंगी। श्रीमती मुर्मु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बाईसवें आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान घोषित दक्षिण पूर्व एशियाई अध्ययन केंद्र का औपचारिक शुभारंभ भी करेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर व्यापक तैयारियां की गयी हैं। एक रिपोर्ट...

———साउंड बाइट———

राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशानिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर आज पूर्वाभ्यास किया गया। वायु सेना के हेलीफॉप्टर ने नालंदा विश्वविद्यालय परिसर में बनाए हेलीपेड पर सफल लैंडिंग का ट्रायल किया। हेलीपैड और आस–पास के क्षेत्र को सुरक्षित कर सील कर दिया गया है। राजगीर और नालंदा में सभी प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग की गयी है। इधर, विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षांत समारोह के दौरान उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए खादी के परिधान तैयार कराये हैं। साथ ही विशिष्ठ अतिथियों के लिए नेपुरा के अहिंसा रेशम से गाउन और क्राउन बनाया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

नालंदा विश्वविद्यालय प्रशासन ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

———————————————————

दो हजार सत्ताईस, जनगणना पहली अप्रैल से शुरू होगी। यह स्वतंत्रता के बाद की आठवीं और इस श्रृखंला की सोलहवीं जनगणना होगी। आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में महा रजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त, मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। श्री नारायण ने कहा कि पहले चरण में, घर–घर की सूची बनाना और स्व–गणना की जाएगी।

–––साउंड बाइट–––

जनगणना की तैयारियां अब अग्रिम अवस्था में पहुंच चुकी है और अब से कुछ एक दिन में ही फील्ड का कार्य प्रथम चरण प्रारंभ होने जा रहा है। जनगणना एक वृहद कार्य है। इसमें केन्द्रीय स्तर पर और राज्यों के स्तर पर संघ शासित प्रदेशों के स्तर पर विषद तैयारी चलती है, तो यह जनगणना दो चरणों में संपन्न होती है और इस बार आंकड़ों का संग्रह डिजिटल माध्यम से किया जाना है।

आयुक्त ने बताया कि स्व–गणना की सुविधा एक अप्रैल से इकतीस अगस्त तक पंद्रह दिन की अवधि में संचालित की जाएगी। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इसका संचालन अलग–अलग होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा स्व–गणना पूरी होने के बाद, तीस सितंबर तक तीस दिनों की अवधि में घरों की सूची तैयार की जाएगी। श्री नारायण ने बताया कि जनगणना के दूसरे चरण में जाति गणना की जाएगी।

————————————————————

श्री नारायण ने कहा कि जनगणना दो हजार सत्ताईस डिजिटल माध्यम से आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि डेटा मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से एकत्र किया जाएगा। साथ ही विभिन्न गतिविधियों के प्रबंधन और निगरानी के लिए एक वेब–आधारित पोर्टल का उपयोग किया जाएगा।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। श्री कुमार ने अपना इस्तीफा पत्र विधान पार्षद संजय गांधी के माध्यम से विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह को सौंपा है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने यह जानकारी दी।

–––साउंड बाइट–––

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुके हैं। विधान परिषद सचिवालय ने श्री कुमार के इस्तीफे को स्वीकृत किये जाने का पत्र जारी कर दिया है। इधर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा के नवनिर्वाचित सांसद नितिन नवीन ने भी आज विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष  संजय सरावगी ने उनका इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार

को सौंप दिया। श्री सरावगी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि श्री नवीन ने कल ही अपना इस्तीफा अध्यक्ष महोदय को देने के लिए उन्हें दिया था। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि श्री नवीन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है और आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रभारी सचिव को भेज दिया गया है।

---साउंड बाइट---

---------------------------------

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार ने सोच–समझकर ही यह निर्णय लिया है। श्री मांझी ने कहा कि इसमें अंदाजा लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

---साउंड बाइट---

---------------------------------

जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास की बड़ी रेखा बनाई है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि आगे आने वाले लोगों के लिए इसके आस–पास पहुंचना एक बड़ी चुनौती होगी। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार की सरकार नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही चलेगी।

---साउंड बाइट---

---------------------------------

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा जा रहे हैं। श्री प्रकाश ने कहा कि उनका मार्गदर्शन आगे भी मिलता रहेगा।

---साउंड बाइट---

---------------------------------

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का परिषद से इस्तीफा दबाव में लिया गया फैसला है। उन्होंने कहा कि पहले से ही वो कहते रहे हैं कि चुनाव बाद श्री कुमार को मुख्यमंत्री नहीं रहने दिया जाएगा।

---साउंड बाइट---

---------------------------------

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है। श्रीमती सीतारामन ने लोकसभा में आज रुपये के अवमूल्यन पर एक प्रश्न का जबाव देते हुए कहा कि रुपये का मूल्य बाजार से प्रेरित हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के आधारभूत संकेतक मजबूत हैं।

———साउंड बाइट———

भारत की इकोनॉमी एक दम स्टॉन्ग है। हमारे फॉरन सिस्टम सिच्युएशन स्टॉन्ग है और सिस्टम डेफिसिट पांच साल में कैसे मेनटेन करते आ रहे है। इसके ऊपर पूरी दुनिया में प्रशंसा हो रही है। हमारे फॉरन एक्सचेंज रिजर्व इतना साफ बरकरार है, सॉलिड भी है। इसके कारण आज हम डॉलर की व्यवस्था को पूरी दुनिया देख रही है। हर एक इमर्जिंग मार्केट्स का इकोनॉमी के साथ भारत की तुलना में हमारे रूपया ठीक चल रहे हैं।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने एक राजपत्र अधिसूचना जारी कर इक्कीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उच्च गुणवत्ता वाले केरोसिन तेल के वितरण की अनुमति दी है। यह निर्णय विश्वभर में ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर रही भू—राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसका उद्देश्य उन क्षेत्रों में खाना पकाने और प्रकाश व्यवस्था की जरूरतों को पूरा करना है जहां सामान्य परिस्थितियों में केरोसिन का उपयोग बंद कर दिया गया था।

———————————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि मार्च महीने के अंतिम दो सप्ताह के दौरान राज्य के बारह जिलों में आंधी—तूफान और ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति की जाएगी। श्री यादव ने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि सहरसा, मुजफ्फरपुर, अररिया, बेगूसराय, मधुबनी और भागलपुर समेत बारह जिलों के एक सौ ग्यारह प्रखंडों में विभिन्न फसलों के तैंतीस प्रतिशत से ज्यादा क्षति का आकलन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों को नियमानुसार सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज जिले में एक—दो स्थानों पर हल्की बारिश हुयी है। वहीं, मधुबनी में तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर कच्चे मकानों को नुकसान हुआ है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, रोहतास, भभुआ और औरंगाबाद समेत राज्य के

उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर तेज आंधी चलने की आशंका है। इस दौरान कुछ जगहों पर वज्रपात और हल्की बारिश भी हो सकती है।

–––साउंड बाइट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

आकाशवाणी पटना के सहायक निदेशक (अभियांत्रिकी) राम विमल शरण आज सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर आकाशवाणी परिसर में आयोजित समारोह में उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गयी। आकाशवाणी, पटना के केंद्राध्यक्ष एच.डी. सिडाम, समाचार प्रमुख अजय कुमार, कार्यक्रम प्रमुख अंशुमान झा समेत अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें स्वस्थ और सुखद जीवन की शुभकामनाएँ दीं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की छुट्टी प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए ई–शिक्षा कोष पोर्टल के माध्यम से आवेदन लिया जाएगा। मैन्युअल प्रक्रिया खत्म हो जाएगी, इससे आवेदन अधिकारियों तक शीघ्र प्राप्त होंगे और उनका निष्पादन भी जल्द हो सकेगा। ऑनलाइन सिस्टम के तहत आवेदन में छुट्टी का कारण भी बताना होगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

पूर्णिया पुलिस ने पूर्णिया कॉलेज के पास एक मकान में छापेमारी कर कुख्यात अपराधी सिट्टु सिंह समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गऐ अपराधियों के पास से दो राईफल, बड़ी संख्या में कारतूस और अन्य सामान बरामद किया गया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अशोक कुमार पांडेय ने मुंगेर जिला विविध सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में झुग्गी बस्तियों में रहने वाले बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

अरवल जिला समाहरणालय में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के एक सौ पचास वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार ने इसका उद्घाटन किया।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

जनसुराज पार्टी ने सीतामढ़ी जिले में अपने संगठन का विस्तार किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने गोपाल झा को जिलाध्यक्ष, वीरेन्द्र राय को महामंत्री और ब्रजेश शाह को कोषाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की है।

———————————————————

रोहतास पुलिस ने एक अंतरराज्यीय अपराधी गिरोह का उद्भेदन करते हुए गिरोह से जुड़े सात सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बताया कि यह गिरोह शाहाबाद क्षेत्र में सोलह विभिन्न आपराधिक मामलों में सक्रिय रहा है।

———————————————————

मधुबनी जिले के लदनियां थाना क्षेत्र अंतर्गत कबिलासा बजरंग चौक पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक अपराधी को एक पिस्तौल और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मौके से दो अपराधी फरार हो गए। वहीं, जिले के जयनगर अंतर्गत बासोपट्टी में भारत–नेपाल सीमा के समीप जांच के दौरान सीमा सशस्त्र बल ने तेरह लाख नेपाली रुपये के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

राज्य में सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए पटना स्थित राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय में एक क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ उप महानिदेशक रौशन लाल साहू ने किया।

———————————————————

जमुई जिले के बटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरी गांव के पास एक मोटरसाइकिल की चार पहिया वाहन से भीषण टक्कर हो गयी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गयी।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में लेंगी भाग। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूरी।

02. एक अप्रैल से जनगणना के पहले चरण की होगी शुरूआत। पहले चरण में मकानों की सूची बनाने और स्व–गणना का कार्य होगा शुरू।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान परिषद और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने विधानसभा की सदस्यता से दिया इस्तीफा।

04. और, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा – मार्च महीने में आंधी–तूफान और ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति की जाएगी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।